प्रश्न संख्याः 2(1)5
द्वारा : श्री संजीव सूद, मा0 मनोनीत पार्षद

| क्रम संख्या | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| क) | क्या आयुक्त महोदय बतलाएंगे कि भराड़ी कलेस्टन के बीच विवादित रास्ता कब बनाया गया था और इसका वर्तमान में क्या स्टेटस है नगर निगम ने इसे अपने अधिकार क्षेत्र में लिया है या नहीं? यदि नहीं लिया है तो इस पर हुआ खर्च का ब्यौरा सदन पटल पर रखे। | भराड़ी कलेस्टन के बीच से एक सड़क/रास्ता Welfare Society Keleston को जाती है, जिसकी लम्बाई लगभग 90 मी0. है। यह सड़क/रास्ता काफी समय पहले से बना ह और इस सड़क /रास्ता पर नगर निगम शिमला की रेलिंग व स्टोट लाईट भी लगी है। इस सड़क/रास्ता को स्थनीय पार्षद व लोगों की मांग पर समय-समय पर इस सड़क/रास्ता की maintenance का कार्य किया जाता रहा है। नगर निगम शिमला द्वारा वर्ष 2019-20 में भी इस सड़क/रास्ता पर कुछ कार्य किया गया था। इस विभाग के पत्र संख्या MCS/XEN/RB/19-3158 दिनांक 29/11/2019 द्वारा इस रास्ते पर फैनसिंग लगाने के लिए वन विभाग को राशि रू0 1.80/- लाख दिये गये थे। जिसका कार्य भी लगभग पूर्ण हो चुका है। जिसमें लगभग राशि रू0 7.46/- लाख का खर्चा हुआ है। |
| ख) | इस सड़क को बनाते हुए कितने पेड़ काटे गए थे व वर्तमान में कितने पेड़ अंकित खडे है? | इस बारे काई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। |
| ग) | क्या नगर निगम शिमला द्वारा इस रास्ते को सार्वजनिक रास्ता घोषित किया है? पूर्ण ब्यौरा सदन पटल पर रखें। | यह सड़क/रास्ता काफी वर्षों पहले से मौके पर बना हुआ है। |

श्रीमती तनुजा चौधरी, मा0 पार्षद ने कहा कि क्या मैं अपने वार्ड में कार्य नहीं करवा सकती हूं? श्री संजीव सूद मा0 मनोनीत पार्षद द्वारा मुझे मेरे वार्ड में काम नहीं करने दिया जाता है मेरे साथ बदतमीजी की जाती है। मेरे द्वारा रिपोर्ट की गई थी परन्तु प्रशासन द्वारा इस बारे कोइ कार्यवाही नहीं की गई है। श्रीमती सिमी नंदा, मा0 पार्षद ने कहा कि इसे Official whatsapp group में भी शेयर किया गया है ऐसा नहीं होना चाहिए था इस बारे क्या कार्यवाही की गई है। मेरे पास आदेशों की प्रति है यह पार्षद सदन में नहीं आ सकते हैं। श्री राकेश चाहान व श्री आनंद कौशल मा0 पार्षदों ने कहा कि यह बहुत गलत बात है ऐसा नहीं होना चाहिए। श्री संजीव सूद मा0 मनोनीत पार्षद ने कहा कि मुझे बार-बार जलील किया जा रहा है और मुझ पर बेबुनियाद इलज़ाम लगाए जा रहे हैं। 2003 की एक PIL दर्ज है जिसमें जो इनके ब्यान है वह मिलते नहीं है इसकी भी जांच की जाए। आयक्त ने सदन को अवगत करवाया कि इस मामले में दोनो पक्षों की ओर से FIR की गई है।

प्रश्न संख्याः 2(2)6
द्वारा : श्री सुनील धर, मा0 पार्षद

| Sr. No. | Question | Answer |
|---|---|---|
| i) | The answer to my following question may please be given with respect to road sweeping vehicles given by Power Grid to MC Shimla under CSR, Model 3000 DULEVO, Model 6000 DULEVO<br>Month-wise expenditure incurred on oil on these road sweeping vehicles may be given till date. | The month wise expenditure on the machines is as given in the table attached herewith. |
| ii) | Vehicles are insured or not, if not, reason be given, Registration Certificate No., if not applied, reason be given. | The road sweeper machine fabricated on the TATA model has been insured and registered also bearing number HP03C-8187<br><br>The matter for registration of Model 3000 DULEVO, and Model 6000 DULEVO road sweeping machines is in process. |
| iii) | Amount of Accessories purchased for these vehicles, time period of changing/replacing the sweeping brush of these vehicles and its cost. | The amount of accessories (spares/consumables and standard workshop tools) purchased for these vehicles is Rs. 1,29,81,432/- + GST<br><br>The time period of changing/replacing the sweeping brush of these vehicles depends upon the number of hours the machine is run for sweeping the roads. |

श्री सुनील धर, मा0 पार्षद ने कहा कि नवम्बर के बाद तेल के खच में बहुत अधिक अन्तर आ रहा है। तेल की इतनी अधिक खप्त क्यों हो रही है और इस मशीन के ब्रश कितने दिनों में बदले जाते है? इसके ब्रश बहुत महंगे है मशीन का बहुत अधिक खर्चा आ रहा है इसलिए मशीन के बदले सफाई कर्मचारी रखे जाऐं। मशीन से केवल dust ही उठती है मशीन को बन्द किया जाए। बिना insurance के यह गाड़ियां कैसे चल रही है? निगम स्वास्थ्य अधिकार ने सदन को अवगत करवाया कि बीच में दो माह गाड़ियां बहुत कम use हुई है इन गाड़ियों के लिए चालक भी नहीं थे और पहले मशीनों से मॉल रोड़ व रिज की ही सफाई की जाती थी परन्तु अब काट रोड़, बालूगंज, चौड़ामैदान, टुट्टू, मशोबरा व ढली इत्यादि क्षेत्रों में भी मशीन से सफाई हो रही है। मशीन के ब्रश चैक कर के ही बदले जाते हैं। आयुक्त ने सदन को अवगत करवाया कि यह गाड़ियां बहुत expensive थी इनकी Registration fee बहुत अधिक पड़ रही थी। इसलिए इस सम्बन्ध में Director Transport और RTO से भी बात की गई। उन्हो ने कहा कि सरकारी गाड़ियों को ही Registration fee में छूट मिल सकती है और यह निगम की गाड़ियां है लेकिन फिर भी इस बारे एक पत्र लिखा जाए कि यह गाड़िया स्मार्ट सिटी के तहत खरीदी गई है और इनकी Registration fee में छूट दी जाए या Registration fee nominal रखी जाए। इसलिए इसमें सम्भावना है कि Registration fee में छूट मिल जाए और नगर निगम के कुछ पैसे बच जाए इसलिए Registration करवाने में देरी हुई।

## Month wise details for the diesel consumption

(For DULEVO 3000, DULEVO 6000 and Tata Model)

| Sr. No. | Model | Nov., 2020 | December 2020 | January 2021 | February 2021 | March 2021 | April 2021 | May 2021 | June 2021 (upto 25.6.21) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | DULEVO 3000 | 130 Ltr. | 514 Ltr. | 210 Ltr. | 140 Ltr. | 70Ltr. | 210 Ltr. | 210 Ltr. | 630 Ltr. |
| | | Rs.9336 /- | Rs.37777/- | Rs.15791/- | Rs.11244/- | Rs.5668/ | Rs.16874/- | Rs.17544/- | - |
| 2. | DULEVO 6000 | 150 Ltr. | 750 Ltr. | 200 Ltr. | 100 Ltr. | - | - | 100 Ltr. | 1100 Ltr. |
| | | Rs. 10754/- | Rs. 55260/- | Rs. 15167/- | Rs. 7925/- | - | - | Rs. 8440/- | - |
| 3. | Tata Model | - | 50 Ltr. | - | 160 Ltr. | - | - | - | 240 Ltr. |
| | | - | Rs. 3697/- | - | Rs. 12917/- | - | - | - | |